## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहे सात दिवसीय शिविर में दी जा रहीं नई-नई जानकारियां

# ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने से बच्चों का बढ़ता है ज्ञान : डॉ. धर्मवीर

**कैंप में शिरकत करने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता तथा सहयोग की भावना होती है विकसित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में चल रहा सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्म कालीन शिविर में छठे दिन जिला असिस्टेंट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. धर्मवीर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में विद्यार्थियों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।

जिला असिस्टेंट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. धर्मवीर ने प्रतिभागियों को समझाया कि प्रत्येक विद्यार्थी को बिना किसी झिझक के आनंदपूर्वक एवं खेल खेल में ज्ञान अर्जित करना चाहिए।



रादौर। राजकीय स्कूल बापा में आयोजित शिविर में प्रतिभागियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

ग्रीष्मकालीन शिविरों में भाग लेने से बच्चों का ज्ञान बढ़ता है। उन्हें नई नई जानकारियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. धर्मवीर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए एक रचनात्मक, सहज एवं आनंददायक वातावरण प्रदान करते हैं। जहां विद्यार्थी खेल गतिविधियों, समूह कार्यों व संवादात्मक अभ्यासों के माध्यम से नई नई जानकारियां प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चे सक्रिय रूप से गतिविधियों में भाग लेते हैं तो उनका मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं शारीरिक विकास तेजी से होता है। साथ ही उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सहयोग की भावना भी विकसित होती है। शिविर में हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को नदियों, पहाड़ों एवं ऐतिहासिक स्मारकों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदियों, पर्वतों, ऐतिहासिक धरोहरों का अध्ययन हमें पृथ्वी के इतिहास, प्राचीन सभ्यताओं व विभिन्न संस्कृतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

### बच्चों ने ज्ञानवर्धक खेलों में लिया हिस्सा

हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने कहा कि इतिहास एवं भूगोल का ज्ञान हमें अपने अतीत को समझने के साथ साथ भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं बनाने में भी सहायता करता है। विद्यार्थियों ने इस विषय में विशेष रुचि दिखाई व विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों एवं प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने भाषा विकास, संवाद कौशल, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा ज्ञानवर्धक खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा व रजनी देवी आदि की मौजूदगी रही।

## ग्राम सभा में जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने पर जोर

# पानी बचाने के लिए ग्रामीणों को बनना होगा जल प्रहरी: डॉ. चौहान

**हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की ग्राम पंचायत बैंडी के तत्वावधान में जल संरक्षण और पर्यावरण स्वच्छता को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। ग्राम सभा में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, गंदे पानी की निकासी तथा नशामुक्त समाज के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से ग्रामीणों से चर्चा की गई।


यमुनानगर। गांव बैंडी में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान।

मुख्यातिथि एवं हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं है। बल्कि जन आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। पेड़ पौधों का संरक्षण, जल बचत और स्वच्छता को अपनाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

डॉ. चौहान ने गांव के सरोवर पर स्थित पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

डॉ. विरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विकास में करें सहयोग

ग्राम पंचायत बैंडी के सरपंच बलवान सिंह ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पंचायत गांव के विकास, स्वच्छता और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा गांव को स्वच्छ, सुंदर और नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम सचिव संजीव कुमार,स्टेट पंचायत रिसोर्स सेंटर से सलाहकार नीलम छिकारा, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान से सौरभ अरोड़ा आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर के कैल कचरा निस्तारण प्लांट का भ्रमण करते हुए पार्षद। फोटो : हरिभूमि

# कैल कचरा निस्तारण प्लांट का नगर निगम के पार्षदों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पार्षदों को कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान (एसडब्ल्यूएम रुल्स-2026) के तहत निगम के पार्षदों के लिए कैल कचरा निस्तारण प्लांट एवं एमआरएफ सेंटर का एक्सपोजर भ्रमण करवाया गया। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद बेनीवाल ने की। इस दौरान नगर निगम के पार्षदों को ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कराया गया।

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के एक्सपर्ट लोकेश सेन ने पार्षदों को कचरा संग्रहण, स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण एवं वैज्ञानिक निस्तारण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। यदि घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर ही कचरे का पृथक्करण किया जाए तो कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया आसान बन सकती है।

मौके पर डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण एजेंसी के प्रतिनिधि अमित पावा मौजूद रहे। उन्होंने डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था और स्त्रोत स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि कचरे के सही पृथक्करण से पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है और लैंडफिल पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। भ्रमण के दौरान पार्षदों ने अपने वार्डों में 4 बिन प्रणाली को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि स्वच्छ शहर और स्वस्थ नागरिकों का लक्ष्य जनभागीदारी से ही हासिल किया जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर पार्षद विक्रम राणा, पार्षद संदीप धीमान, पार्षद दीक्षित कुमार, पार्षद श्याम लाल, पवन प्रताप व दुर्गेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन के विरुद्ध उठाए जा रहे कड़े कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और अवैध खनन होने वाले स्थानों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरूद्ध प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। खनन विभाग व एनफोर्समेंट टीम द्वारा एक जून से अब तक जिले में अवैध खनन परिवहन में सम्मिलित 18 वाहन (ट्रक) को सीज किया गया और उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन में संलिप्त



यमुनानगर। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर सीज किया गया वाहन।

18 वाहन सीज किए गए हैं और 9 एफआईआर दर्ज की गई। जिला उपायुक्त प्रीति ने स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। दोषियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य अवैध खनन व परिवहन की गतिविधियों पर सम्पूर्ण अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह करें बंद : कंवरपाल


यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का पौधरोपण करके शुभारंभ करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पर्यावरण सुरक्षा एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिए जगाधरी में फैलाई गई जागरूकता

भाजपा द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतय बंद करने को लेकर जगाधरी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। उन्होंने मौके पर पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पर्यावरण केवल पेड़ों एवं नदियों का नाम नहीं हैं। यह हमारा जीवन है। जलवायु परिवर्तन कोई काल्पनिक खतरा नहीं है। यह हमारे सामने खड़ी सच्चाई है। उन्होंने युवाओं व प्रत्येक नागरिक से अपने दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को पूर्णतय बंद करने के लिए आहवान किया। इसके साथ ही अपनी दैनिक आदतों में पानी और बिजली की बचत को शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया। पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रकृति हमें सब कुछ मुफ्त देती है। यदि हम आज प्रकृति का सम्मान करेंगे तो प्रकृति हमारा भविष्य सुरक्षित करेगी। मौके पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि हम सब प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा करें।

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, डीएनटी बोर्ड वाइस चेयरमैन ओमपाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, भाजपा नेता मुकुल चौधरी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग व पीयूष गोगियान आदि मौजूद रहे।

### महिला को रास्ते में रोक कर की छेड़छाड़

यमुनानगर। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी व्यक्ति पिछले छह महीने से महिला का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी पर महिला को अश्लील मैसेज भेजने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र निवासी 49 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही अब्दुल्ला पिछले छह माह से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। उसने कई बार आरोपी की हरकतों को नजर अंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। इसके बाद से आरोपी उसके पास अश्लील मैसेज भेजना लगा। परेशान होकर उसने घटना के बारे में पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अब्दुल्ला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


यमुनानगर। जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

### शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखें : डॉ. दीप्ती

रादौर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में शिक्षकों के लिए एक्टिव लर्निंग विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज, स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री व प्रबंध निदेशक रुबी कांबोज ने दीप प्रज्जवलित करके किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. दीप्ती प्रभाकर व डॉ. अनुपम हांडा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. दीप्ती प्रभाकर ने अपने ज्ञान, अनुभव एवं गतिविधि आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को एक्टिव लर्निंग की विभिन्न रणनीतियों एवं नवाचारी शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कक्षा रुम में विद्यार्थियों के साथ सहयोगात्मक भूमिका निभाना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को ऐसी तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जो विद्यार्थियों की सहभागिता, आलोचनात्मक चिंतन, सहयोगात्मक अधिगम एवं अधिगम परिणामों को सुदृढ़ बनाती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनता पब्लिक स्कूल अलाहर, सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी, नेचरवे हाई स्कूल कलरी जागीर तथा तारावती पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन प्रधानाचार्या डॉ. कल्पना बजाज ने मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के लिए सीबीएसई द्वारा आयोजित ऐसे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की सराहना की तथा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को कक्षा कक्ष में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल की कॉर्डिनेटर दीपिका शर्मा, पूनम कांबोज, अखिल कांबोज, संदीप धीमान, हिमांशु शर्मा, रवि कुमार, मीनाक्षी, शोभा व पूजा और रीना आदि मौजूद रहे।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से जगाधरी में हुआ संत संकीर्तन

# पूर्व जन्म के पुण्य कर्मों के अनुरूप प्राप्त होती है गुरु कृपा

**साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को समझाया गुरु कृपा का महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में साध संगत ने भाग लिया। इस दौरान साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को गुरु कृपा के महत्व के बारे में समझाया।


यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में गुरु कृपा का महत्व समझातीं साध्वी भारती। फोटो : हरिभूमि

साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि गुरु कृपा परमात्मा और प्रकृति के द्वारा दिया गया वह वरदान है जो हमें इस लोक व परलोक में अति दुर्लभ वस्तु को भी सुलभ बना सकता है। गुरु कृपा तो मनुष्य को वह भी प्रदान कर सकती है जो कदाचित उसके भाग्य में नहीं है। क्योंकि गुरु कृपा का दायरा असीमित है। सांसारिक सुख एवं आध्यात्मिक उन्नति के साथ शक्ति, भक्तिऔर मुक्ति तीनों के प्रदाता गुरु हैं। गुरु की कृपा शिष्य को वह सब कुछ प्रदान कर सकती है जो वह अपने पुरुषार्थ से कई जन्मों तक भी प्राप्त नहीं कर सकता। मगर गुरु कृपा कैसे मिलती है और कब मिलती है। इसके लिए सर्वप्रथम हमें गुरु को समझना होगा। मनुष्य की जिज्ञासा, प्रार्थना एवं पूर्व जन्म कि पुण्यों के अनुसार ही उसे गुरु प्राप्त होता है। भगवान शिव व माता पार्वती का संवाद, गुरु गीता में सूचक, वाचक, बोधक, निषिद्ध, विहित, कारण तथा परम गुरु यह सात प्रकार के गुरु बताए गए हैं। इनमें से परम गुरु ही वे ब्रह्मनिष्ठ भगवान के साकार स्वरूप हैं। जिनका सामर्थ्य असीम है। कई जन्मों के पुण्य व आत्मा की गहन पुकार ही ऐसे परम गुरु को हमारे जीवन में लेकर आती है। लेकिन गुरु की कृपा मिलना सरल नहीं है। परमात्मा की कृपा हमारे भाग्य के अनुसार ही हमें उपलब्धियां प्रदान करती हैं। मगर गुरु कृपा तो हमारे जीवन में वह भी सब कुछ दिला सकती है जो हमारे भाग्य में भी नहीं था। ऐसे दिव्य परम गुरु की कृपा केवल उसे ही प्राप्त होती है जो मिथ्या अहंकार त्याग कर गुरु की शरणागति होता है और निरंतर ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना के द्वारा आत्म साक्षात्कार कर गुरु की आज्ञा अनुसार ही जीवन यापन करता है।

### गुरु की आज्ञा का करें अनुसरण

गुरु की दृष्टि परोक्ष है और वे अपनी शिष्य के भूत भविष्य वर्तमान से भलीभांति परिचित होते हैं। जब गुरु अपने शिष्य के लिए कोई निर्णय लेते हैं तो वह अत्यंत कल्याणकारी होता है। शिष्य को चाहिए कि ऐसे दिव्य परम गुरु के मिलने पर अपने मन वचन कर्म से उनके आदर्शों को जीवन में उतारे और गुरु की आज्ञा अनुसार भक्ति पथ का अनुसरण करता रहें। क्योंकि गुरु अपने शिष्य को कभी संसार का त्याग करने के लिए नहीं कहते हैं। बल्कि वे तो उसे आध्यात्मिक जागृति के द्वारा जीवन जीने की कला सिखाते हैं और जीवन में विपरीत परिस्थितियाँ आने पर उसे आग के दरिया से भी हाथ पकड़कर बचा लेते हैं। परम गुरु वे हैं जो शिष्य के कई जन्मों के कर्म संस्कारों को क्षण भर में काट देते हैं और उसे जीवन मुक्ति का आनंद प्रदान करते हैं। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों के माध्यम से प्रभु व गुरुवर का गुणगान किया।

